# हिंदी उन्नयन

19
अध्याय



# हिंदी उन्नयन

कोयला मंत्रालय सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को उच्च प्राथमिकता प्रदान की है और इस संबंध में निम्नानुसार परिणामोन्मुख प्रयास किए जा रहे हैं:

- सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में हो रही दैनिक प्रगति की समीक्षा करने तथा सरकारी कामकाज में राजभाषा नियम और अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में सुझाव देने हेतु मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यरत है। इस समिति को आवश्यकतानुसार समय–समय पर अद्यतन किया जाता है तथा बैठकें नियमित रूप से की जाती हैं। इन बैठकों में राजभाषा के प्रयोग की स्थिति के साथ–साथ राजभाषा नीति के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा की जाती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं जिनमें कार्यान्वयन से संबंधित सभी बिंदुओं पर की गई प्रगति पर चर्चा की गई।
- कोयला मंत्रालय की पुनर्गठित हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक दिनांक 12 नवंबर, 2025 को अशोक होटल, नई दिल्ली में माननीय कोयला एवं खान मंत्री, श्री जी. किशन रेड्डी जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्ण जयंती के अवसर को समर्पित करते हुए मंत्रालय में हिंदी पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का प्रकाशन प्रारंभ किया गया, जिसका विमोचन माननीय कोयला मंत्री जी द्वारा हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के दौरान किया गया। इसके अतिरिक्त, राजभाषा के प्रति "निष्ठा की प्रतिष्ठा" करती अर्धवार्षिक गृह पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का द्वितीय अंक इसी वित्त वर्ष में जारी किया जाएगा।
- हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय कोयला एवं खान मंत्री जी एवं माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री जी की ओर से संदेश जारी किए गए, जिसमें सरकारी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की गई।
- मंत्रालय के नियंत्रणाधीन कार्यालयों में रिक्त पदों की अधिक संख्या के चलते पद भरने हेतु मंत्रालय द्वारा उचित निर्देश दिए गए। परिणामस्वरूप, सीएमपीएफओ द्वारा 10 एवं नेयवेली द्वारा लगभग सभी रिक्त पद भरे गए। मंत्रालय के नियंत्रणाधीन कार्यालयों की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी जानकारियों को अद्यतित करवाने हेतु व उनकी नियमित निगरानी की आवश्यकता को देखते हुए संयुक्त सचिव महोदय की अध्यक्षता में मंत्रालय में ऑनलाइन निगरानी समिति का गठन किया गया, जो मंत्रालय स्तर पर की गई आंतरिक व्यवस्था है। संयुक्त सचिव महोदय की अध्यक्षता में संयुक्त निदेशक द्वारा इस वर्ष निगरानी समिति की 5 बैठकें की। इन बैठकों में राजभाषा सम्बन्धी विभिन्न मार्गदर्शनों के अतिरिक्त अधीनस्थ कंपनियों के राजभाषा अधिकारियों व प्रभारियों को हिन्दी के रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने, पदोन्नतियाँ सुनिश्चित करने और असमान स्थानांतरण संबंधी विषमताओं के निराकरण के विभिन्न सुझाव व उपाय बताए गए। यद्यपि, इन विभिन्न प्रयासों से सीएमपीएफओ व नेयवेली मुख्यालयों द्वारा संतोषजनक कदम उठाए गए व पद भरे गए तथापि, सीआईएल तथा उसकी सहायक कंपनियों में अभी कार्य बाकी है।
- मंत्रालय में राजभाषा विभाग की 'वार्षिक प्रोत्साहन योजना' पहली बार प्रारंभ करवाई गई। इसमें 10 अधिकारियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कोयला मंत्रालय में सरकारी कामकाज में टिप्पण/आलेखन मूल रूप से हिंदी में करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया।

- इस वर्ष मंत्रालय के 10 कार्मिकों को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की हिंदी शिक्षण योजना के तहत हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि का प्रशिक्षण दिलवाया गया।
- राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्ण जयंती अवसर के सम्मान स्वरूप मंत्रालय में नियमित/अनियमित/संविदा यथा सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिए तीन प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं जिनमें प्रति प्रतियोगिता 10–10 पुरस्कार दिए गए।
- सितंबर, 2025 में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। उक्त पखवाड़े में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।
- कोयला मंत्रालय और इसके नियंत्रणाधीन कार्यालयों में राजभाषा अधनियिम, 1963 की धारा 3(3), राजभाषा नियम, 1976 के उप–नियम 5 का अनुपालन किया गया। इसके अलावा, मूल पत्राचार अधिकाधिक रूप से हिंदी में किया गया। हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्यतः हिंदी में दिए गए। साथ ही, अंग्रेजी में प्राप्त कुछ पत्रों के उत्तर भी हिंदी में दिए जाने के प्रयास किए गए।
- कोयला मंत्रालय के सभी कंप्यूटरों पर हिंदी में कार्य करने की सुविधा की उपलब्धता भी लगातार सुनिश्चित की जाती है।
- कोयला मंत्रालय की समस्त लेखन सामग्री, नामपट्ट, सूचना पट्ट, रबड़ की मोहरें आदि अनिवार्य रूप से हिंदी और द्विभाषी अर्थात हिंदी–अंग्रेजी में बनाई गई हैं। मंत्रालय में प्रयोग किए गए जाने वाले रजिस्टरों के शीर्षक और प्रपत्र द्विभाषी हैं।
- कोयला मंत्रालय की वेबसाइट द्विभाषी है और इसे समय–समय पर अद्यतित किया जाता है। यह वेबसाइट प्रथम पृष्ठ पर 'हिंदी विकल्प' के साथ उपलब्ध है।
- मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तकनीकी विषयों जैसे कंठस्थ, कंप्यूटर पर हिंदी में टाइपिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, नोटिंग, ड्राफ्टिंग तथा राजभाषा कार्यान्वयन एवं भाषा विज्ञान पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।
- वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान संसदीय राजभाषा समिति द्वारा मंत्रालय के नियंत्रणाधीन 05 कार्यालयों का संसदीय राजभाषायी निरीक्षण किया गया।
- मंत्रालय द्वारा वर्ष के दौरान अब तक मंत्रालय के नियंत्रणाधीन 22 कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा की गई।
- प्रत्येक तिमाही में अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की जाती है।




*राजभाषा के प्रति 'निष्ठा की प्रतिष्ठा' करते हुए प्रथम राजभाषा पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का विमोचन*



*मंत्रालय में भाषा विज्ञान विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन*



*राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता*